भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3348
गुरूवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**विकसित भारत के हिस्से के रूप में वैश्विक ब्रांडिंग के लिए पर्यटन कूटनीति**

**3348 श्रीमती संगीता यादव:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप आर्थिक और सामाजिक विकास के प्रेरक के रूप में भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए सरकार की क्या कार्यनीति है;

(ख) क्या सरकार की भारत के सांस्कृतिक और विरासत स्थलों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्लेटफॉर्म को एकीकृत करने की योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय, अवसंरचना के विकास, विपणन एवं संवर्धन तथा कौशल एवं क्षमता विकास संबंधी पहलों के माध्यम से, विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप, आर्थिक और सामाजिक विकास के प्रेरक के रूप में भारत की सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन करता है। अवसंरचना के विकास को स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0 (चुनौती आधारित गंतव्य विकास सहित), तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद), पूँजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता जैसी योजनाओं के तहत सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें स्थायी और ज़िम्मेदारीयुक्त गंतव्यों में विकास पर ज़ोर दिया जाता है।

अवसंरचना के विकास के अलावा, कार्यक्रमों, यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी, मेलों और महोत्सवों के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को सहायता, वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों, उत्पादों और अनुभवों का संवर्धन किया जाता है।

बड़ी संख्या में प्रशिक्षित पर्यटक सुविधाप्रदाता तैयार करने के लिए सेवा मानकों को उन्नत करने हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास किया जाता है। स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए उनका सशक्तिकरण करके पर्यटक स्थलों पर ज़िम्मेदारीयुक्त पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहा है।

(ख) और (ग):  भारत की वैश्विक पर्यटन उपस्थिति को मज़बूत करने के लिए, मंत्रालय ने अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म (आईआईडीपी) का एक नया संस्करण लॉन्च किया है, जिसे पर्यटकों और पर्यटन हितधारकों के लिए एक व्यापक और उपयोगकर्ता-अनुकूल संसाधन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। इस प्लेटफ़ॉर्म में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित टूल है जो मौसम की अद्यतन जानकारी, शहर को बेहतर जानने संबंधी विकल्प और आवश्यक यात्रा सेवाएँ दे कर आगंतुकों को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है। यह ऑनलाइन ट्रैवल एजेंटों (ओटीए) के साथ भी जोड़ता है, ताकि उड़ानों, होटलों, कैब, बसों और एएसआई स्मारकों में प्रवेश हेतु टिकटों की निर्बाध बुकिंग संभव हो सके, जिससे अधिक सुविधाजनक और कुशल यात्रा की योजना बन सके।

*****